(ग) रतलाम-बांसवाड़ा रेल लाइन द्वारा किन लाइनों और शहरों से सम्पर्क स्थापित किये जाने का विचार है।

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) जी, नहीं।

(ख) रतलाम-बांसवाड़ा को मिलाने वाली प्रस्तावित नयी लाइन, जिसे भविष्य में डूंगरपुर तक बढ़ाये जाने की संभावना है, का सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है।

(ग) प्रस्तावित रतलाम-बांसवाड़ा रेलवे लाइन पर निम्नलिखित महत्वपूर्ण स्टेशन होंगे :—

(1) धामनोड

(2) सैलाना

(3) साजन

(4) दानपुर

(5) चन्द्रगढ़ (मेरन)

(6) खोरीपीपली।

रेलवे में विभिन्न श्रेणियों में भर्ती में अनुसूचित जातियों की प्रतिशतता

181. श्री मंगलदेव विशारद : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि जनवरी, 1974 से फरवरी, 1977 तक रेलवे में विभिन्न श्रेणियों में कुल कितने व्यक्ति भर्ती किये गये और उनमें अनुसूचित जातियों की प्रतिशतता क्या है ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दण्डवते) : रेलों पर 1-1-74 से 28-2-77 की अवधि में की गयी भर्ती की स्थिति नीचे दी गयी है :—

श्रेणी I—श्रेणी I के पदों पर भर्ती संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से होती है।

श्रेणी II—सामान्य : श्रेणी II के पदों पर भर्ती श्रेणी III के कर्मचारियों से पदोन्नति द्वारा होती है। कुछ विशेष कोटियों में ही भर्ती संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से होती है।

	श्रेणी III		श्रेणी IV	
	कुल भर्ती किए गए कर्मचारियों की संख्या	अनुसूचित जाति के कर्मचारियों का प्रतिशत	कुल भर्ती किए गए कर्मचारियों की संख्या	अनुसूचित जाति के कर्मचारियों का प्रतिशत
मध्य रे०	3332	15.3	7964	11.2
पूर्व रे०	1577	14.1	4529	22.2
उत्तर रे०	4739	25.7	3881	46.30
पूर्वो० रे०	1451	15.7	2631	24.5
पूर्वो०सी०	1545	16.8	2555	35.5
दक्षिण रे०	1841	20.0	12219	23.8
द० मध्य	1992	11.65	7106	19.5
द० पूर्व	2284	17.8	7394	18.5
पश्चिम	2161	10.55	5424	10.5